*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# गांधी विचार आज भी प्रासंगिक– प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी

वर्धा, 26 फरवरी 2018 : महात्मा गांधीजी के विचार बदलते हुए वैश्विक संदर्भों में ज्यादा समीचीन हो गये हैं। आतंकवाद, पर्यावरण संकट, सामाजिक टकराव जैसे वातावरण में गांधी के विचारों की प्रासंगिका और बढ़ गयी है। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो.




नृपेन्द्र प्रसाद मोदी ने व्यक्त किये। वे जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज, जमशेदपुर के गाँधी विचार विभाग की शोध छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। ये छात्राएँ विश्वविद्यालय से हुए समझोते के तहत गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग में विशिष्ट प्रशिक्षण के लिये आयी थी। इन छात्राओं ने शोध प्रविधि तथा गांधी विचारों का प्रशिक्षण 19 से 24 फरवरी के बीच प्राप्त किया। इस अवसर पर विवि के जनसंचार विभाग के एडजंक्ट प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह समय ज्ञान से ज्यादा सुविधाओं का है। समारोह में विभाग के शिक्षक डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. डी. एन. प्रसाद तथा डॉ. चित्रा माली भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश मिश्र ने किया।